University in News on 27 December 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

लविवि : फिजिक्स, केमिस्ट्री में सीटों से भी कम अभ्यर्थी

पीएचडी प्रवेश परीक्षा : दस और विषयों के परिणाम जारी

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने 7 और 8 दिसंबर को पीएचडी में दाखिले के लिए हुई प्रवेश परीक्षा के बाद दस और विषयों के लिए लिखित परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। इसमें फिजिक्स और केमिस्ट्री विभाग में सीटों से भी कम अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए चयनित हुए हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवेश विभाग की ओर जारी परिणाम में फिजिक्स की 60 सीटों पर 23 और केमिस्ट्री की 51 सीटों पर 24 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए अर्ह माना गया है। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि जिन दस विषयों में साक्षात्कार के अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है, उनमें व्यापार प्रशासन, कंप्यूटर साइंस, शिक्षा शास्त्र, लॉ, मिडिवल एंड मॉडर्न हिस्ट्री, फिजिकल एजुकेशन, साइकोलॉजी, सोशल वर्क, फिजिक्स और केमिस्ट्री शामिल हैं। अभ्यर्थी लखनऊ विवि की वेबसाइट पर विषय वार विस्तृत सूची देख सकते हैं।

इतिहास, विधि, कंप्यूटर साइंस और एजुकेशन में दाखिले की राह कठिन

विभाग	अभ्यर्थी	सीटें
फिजिक्स	23	60
केमिस्ट्री	24	51
व्यापार प्रशासन	45	6
कंप्यूटर साइंस	17	3
शिक्षा शास्त्र	264	44
विधि	175	69
मिडिवल एंड मॉडर्न हिस्ट्री	175	25
फिजिकल एजुकेशन	91	32
साइकोलॉजी	55	14
सोशल वर्क	32	9

19 पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षा कार्यक्रम घोषित

लखनऊ। लविवि ने विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के क्रम में बृहस्पतिवार को 19 कोर्सों के लिए परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। विद्यार्थी लखनऊ विवि की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जिन विषयों का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है उनमें एमकॉम एप्लायड इकनॉमिक्स, एमपीएच, बीबीए, एमए क्रिमिनोलॉजी, एमए पॉपुलेशन स्टडीज, एमए संस्कृत, एमए सोशल वर्क, पीजी डिप्लोमा योगा, एमए ज्योग्राफी, एमए अंग्रेजी, डिप्लोमा क्लिनिकल न्यूट्रिशियन, एमटीटीएम, एमए होमसाइंस, एमए ज्योतिर्विज्ञान, एमए एंथ्रोपॉलिजी, बीएजेएमसी और पीजी डिप्लोमा डिजास्टर मैनेजमेंट शामिल हैं।

बीपीएड, बीवीए के परीक्षा केंद्र तय : परीक्षा विभाग ने बीपीएड, बीवीए, और बीलिब के लिए परीक्षा केंद्रों की सूची जारी की है। विवि की वेबसाइट पर विस्तृत सूची है। बीपीएड के लिए सात, बीलिब के लिए पांच, बीवीए के लिए छह परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। (संवाद)

मारपीट व अभद्रता में दो छात्र निलंबित

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के जानकीपुरम स्थित नवीन परिसर में एमबीए पाठ्यक्रम में पंजीकृत दो छात्रों को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उनका दोनों परिसरों में प्रवेश भी प्रतिबंधित कर दिया गया है। छात्रों पर कार्रवाई का यह आदेश मुख्य कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी ने जारी किया है।

दोनों परिसरों में प्रवेश प्रतिबंधित तीन दिन में देना होगा स्पष्टीकरण

आरोप है कि एमबीए के दोनों छात्र रजत सिंह और व्योम त्रिपाठी ने 24 दिसंबर को न्यू कैंपस में नशे की हालत में अनधिकृत तौर पर चारपहिया वाहन के साथ प्रवेश किया। उनके परिसर में तेज रफ्तार से वाहन दौड़ाने के चलते कई छात्र घायल हुए और वहां भय का वातावरण बन गया। आरोपियों ने सुरक्षाकर्मियों और प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों के साथ अभद्रता भी की। इसलिए दोनों छात्रों को जांच अवधि तक निलंबित किया गया है। साथ ही दोनों को नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के भीतर कुलानुशासक कार्यालय में लिखित स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

लविवि व काशी विद्यापीठ में एमओयू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजकार्य विभाग और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच शोध सहयोग को बढ़ावा देना और समाजकार्य के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करना है। लविवि में विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी और विद्यापीठ विवि में विभागाध्यक्ष प्रो. एमएम वर्मा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह एमओयू 21 और 22 दिसंबर को संस्थागत भ्रमण के दौरान किया गया। (संवाद)

TOI PAGE 3

Printed from
THE TIMES OF INDIA

Two students suspended for ruckus at LU

TNN | Dec 27, 2024, 05:02 AM IST

Lucknow: Lucknow University on Thursday suspended two management students for entering the second campus in a drunken state and creating a ruckus in the garb of celebrations of Christmas eve on Tuesday.

The students, accused of rash driving, injuring students, carrying iron rods and alcohol bottles, have been barred from entering the campus and availing academic and hostel facilities.

Additionally, the university's proctorial board issued a show-cause notice to the two students. If they fail to reply within three days, both students will be expelled and banned from taking admission in any course offered by LU in the future.

The incident took place late on Tuesday evening when the duo, in an inebriated state, sped their vehicle from gate number 2 and scared the students on the campus. "The exam of the second shift just got over, and I was back home when I got an alert from students about two MBA final-year students creating a ruckus on the campus," said additional proctor Prof Mohd Ahamad.

"We called the police, who took the duo into custody. A show-cause notice was served to them by the chief proctor, Rakesh Dwivedi," Prof Ahamad said.

HINDUSTAN PAGE 8

कैलाश हॉस्टल में नहीं होगी पानी की कमी: कुलपति

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कैलाश छात्रावास में अगले 25 वर्षों तक पानी की कमी नहीं होगी। इसके मद्देनजर कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने गहरे बोरिंग नलकूप का लोकार्पण किया। उन्होंने बताया कि इससे छात्रावास में रहने वाली छात्राओं को आने वाले 25 वर्षों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। ताकि छात्राओं को कोई समस्या न हो। इस दौरान कुलपति ने छात्रावास के कई पानी टैंको का दौरा भी किया।

एलयू छात्र काशी में शोध कर सकेंगे

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थी अब महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के गांधी अध्ययन पीठ में जाकर शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। साथ ही शिक्षक वहां जाकर पढ़ाएंगे। एक साथ रिसर्च कर सकेंगे।

दोनों विश्वविद्यालयों के विभाग एक संग सेमिनार, सम्मेलन और कार्यशालाओं का भी आयोजन कर पाएंगे। इसके लिए एलयू के समाज कार्य विभाग और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के गांधी अध्ययन पीठ के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। एलयू विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी और प्रो. एमएम वर्मा ने शैक्षणिक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

पीएचडी के 10 विषयों के परिणाम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के तहत 10 विषयों का परिणाम गुरुवार को जारी किया गया। इसके लिए सात व आठ दिसंबर को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था जिसके मद्देनजर साक्षात्कार के लिए चयनितों की सूची जारी कर दी गई। अभ्यर्थी एलयू की वेबसाइट पर विस्तृत सूची देख सकते हैं। जिन विषयों में सूची जारी हुई उसमें व्यापार प्रशासन, रसायन विज्ञान, कंप्यूटर साइंस, शिक्षाशास्त्र, विधि, शारीरिक शिक्षा, फिजिक्स, मनोविज्ञान, एमआईएच और समाज कार्य शामिल हैं।

सीटों से कम पास हुए अभ्यर्थी

लखनऊ : लवि ने गुरुवार को 10 और विषयों में पीएचडी दाखिले के लिए हुई प्रवेश परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए हैं। अभ्यर्थी वेबसाइट पर परिणाम देख सकते हैं। परिणाम के अनुसार पीएचडी केमिस्ट्री और फिजिक्स में सीटों से बहुत कम अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए सफल हुए हैं। ऐसे में इन विषयों की सीटें खाली रह जाएंगी। विधि, बिजनेस एडमिस्ट्रेशन, एजुकेशन सहित कई विषयों में प्रवेश के लिए कड़ा मुकाबला होगा। प्रवेश समन्वयक डा. अनित्य गौरव ने बताया कि जल्द ही विषयों में अर्ह पाए गए अभ्यर्थियों के साक्षात्कार की तिथि जारी की जाएगी। (जासं)

'योग में रोजगार की संभावनाएं'

लखनऊ : लवि के योग विभाग में भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म जयंती के अवसर पर काव्य पाठ, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विषयक संगोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि सरदार भगवान सिंह विश्वविद्यालय देहरादून उत्तराखंड के पूर्व कुलपति प्रो. रमाकांत सिंह, राजेश कुमार द्विवेदी और प्रो. वीपी मिश्रा उपस्थित रहे। प्रो. रमाकांत सिंह ने बताया कि योग में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। डा. अमर जीत यादव ने भी योग की महत्ता बताई। (जासं)

प्रयोगात्मक परीक्षाएं सात से

लखनऊ : लवि के कंप्यूटर साइंस विभाग ने गुरुवार को बीएससी और एमएससी तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की प्रयोगात्मक/ प्रोजेक्ट परीक्षाओं की समय सारिणी जारी कर दी। यह परीक्षाएं सात से 13 जनवरी तक होंगी। विस्तृत जानकारी लवि की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। (जासं)

AMRIT VICHAR PAGE 4

प्रायोगिक परीक्षाओं को लेकर लविवि ने जारी की समय सारणी

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय ने प्रायोगिक और प्रोजेक्ट परीक्षाओं की समय सारणी जारी कर दी है। नई शिक्षा नीति के तहत बीएससी तीसरे और 5वें सेमेस्टर और एमएससी प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के नियमित छात्रों की प्रायोगिक परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। कम्प्यूटर साइंस विभाग की ओर से जारी की गई समय सारणी के अनुसार, 7 और 8 जनवरी को सुबह 10 से 1 बजे तक एमएससी प्रथम बैच की परीक्षाएं होंगी। जबकि बीएससी 5वें सेमेस्टर की परीक्षाएं 8 जनवरी को 1.30 से 4.30 बजे तक ली जाएंगी। 9 जनवरी को एमएससी तीसरे सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित की गई हैं जो कि 10 से 1 बजे तक होंगी। बीएससी तीसरे सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षाएं 13 जनवरी को दोनों पालियों में आयोजित की जाएंगी।

भारत को विश्व की स्टार्टअप राजधानी बनाने पर मंथन

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। 28वें राष्ट्रीय युवा उत्सव-2025 के अधीन विकसित भारत युवा नेता संवाद कार्यक्रम के तीसरे चरण में आयोजन के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित किया गया था। जिसके तहत लविवि के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय के कुशल नेतृत्व में पीडीएफ प्रस्तुतिकरण एवं साक्षात्कार लविवि के एपी सेन हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से निबंध प्रतियोगिकता के द्वितीय चरण में चयनित 14 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह संपूर्ण कार्यक्रम 10 विषयों में क्रियान्वित किया। जिसमें विकसित भारत के लिए तकनीकी, विकास भी विरासत भी,विकसित भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना, भारत को विश्व गुरु बनाना, भारत को विश्व की स्टार्टअप राजधानी बनाना, फिट इंडिया: विकसित भारत का साधन,भारत को वैश्विक विनिर्माण शक्ति बनाना, भारत को ऊर्जा दक्ष बनाना, भविष्य के लिए आधारभूत संरचना का निर्माण तथा महिलाओं को सशक्त बनाना और सामाजिक संकेतकों में सुधार करना जैसे विषय शामिल किए गए। जिसमें प्रत्येक विषय में निर्णायक मंडल ने मूल्यांकन का कार्य संपादित किया। कार्यक्रम का आयोजन लविवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो.वीके शर्मा तथा उप निदेशक अजातशत्रु शाही के पर्यवेक्षण में किया गया। प्रतिभागियों का साक्षात्कार भारत सरकार की ओर से नियुक्त विशेषज्ञ अजय कश्यप ने लिया। कार्यक्रम में ज्यूरी सदस्य के रूप में प्रो.दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव एवं प्रो.पंकज माथुर ने कार्य किया एवं अभिलेख परीक्षण और पंजीकरण का कार्य जिला युवा कल्याण के अधिकारियों ने किया।

JAGRAN CITY PAGE III

लवि और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ मिलकर करेंगे शोध

जासं • लखनऊ : लवि और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के शिक्षक और विद्यार्थी मिलकर शोध कर सकेंगे। साथ ही दोनों संस्थाओं के बीच अन्य सुविधाओं का आदान-प्रदान भी होगा। इसके लिए लवि के समाज कार्य विभाग एवं गांधी अध्ययन पीठ के बीच हाल ही में वाराणसी भ्रमण के दौरान एमओयू किया गया।

समझौते का उद्देश्य दोनों संस्थानों के मध्य शैक्षणिक (शोध) सहयोग को बढ़ावा देना और समाज कार्य के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करना है। दोनों संस्थाओं के विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी एवं प्रो. एमएम वर्मा ने शैक्षणिक समझौते पर हस्ताक्षर किया। यह समझौता लवि के कुलपति प्रो. प्रो. राकेश द्विवेदी और प्रो. एमएम वर्मा ने शैक्षणिक समझौते पर हस्ताक्षर किए आलोक कुमार राय, के निर्देशन में किया गया। ये मिलेगी सुविधाएं : दोनों विभागों के शिक्षक एक-दूसरे के संस्थान में अध्यापन और अनुसंधान गतिविधियों में भाग लेंगे। विद्यार्थियों को दूसरे संस्थान में अध्ययन का अवसर मिलेगा, जिससे उनके ज्ञान और अनुभव में वृद्धि होगी।

DAINIK JAGRAN PAGE 4

लवि : 19 विषयों का परीक्षा कार्यक्रम जारी

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने गुरुवार को स्नातक व परास्नातक के 19 विषयों की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया। इनमें पांच पाठ्यक्रमों की समय सारिणी भी बदलाव भी किया गया है। छात्र-छात्राएं विस्तृत सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ से इसे डाउनलोड कर सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी सूचना के अनुसार इनमें बी.एससी (कृषि) ओल्ड कोर्स, एमपीएच कम्युनिटी मेडिसिन, एम.ए क्रिमिनोलाजी एंड क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन, एम.ए सोशल वर्क, एम.ए पापुलेशन स्टडीज, एम.ए अंग्रेजी एंड फ्रेंच, एम.ए पब्लिक पालिसी एंड गर्वनेंस, एडवांस डिप्लोमा इन क्लीनिकल न्यूट्रिशन, एम.ए होमसाइंस, एम.ए ज्योतिर्विज्ञान, पीजी डिप्लोमा इन डिजास्टर रिलीफ मैनेजमेंट, एम.ए/ एम.एससी एंथ्रोपोलाजी एंड फारेंसिक साइंस, एम.काम अप्लाइड इकोनामिक्स शामिल हैं।

SWATANTRA BHARAT PAGE 3

अटल बिहारी सच्चे कर्मयोगी : प्रो राय

लविवि और भाषा विवि में धूमधाम से मनी अटल जयंती

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में भारत की दो महान विभूतियों की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के चित्र पर मालवीय सभागार में कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने माल्यार्पण किया और नवीनकृत मालवीय उद्यान का लोकार्पण किया। इसके बाद लविवि के लोक प्रशासन विभाग स्थित अटल सुशासन पीठ में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा का उनके जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर प्रो.आलोक कुमार राय ने कहा कि अटल जी सच्चे मायने में एक कर्मयोगी थे उनके नेतृत्व में भारत विश्व के पटल पर चमका था। वहीं, विभागाध्यक्ष व संयोजक अटल सुशासन पीठ प्रो.नंदलाल भारती ने कहा कि अटल जी के बताए मार्ग पर चलकर हम भारतीय लोकतंत्र को मजबूत कर सकते हैं। इन दोनों प्रेरणादाई अवसरों पर कुलपति के साथ प्रति कुलपति प्रो.मनुका खन्ना तथा अन्य पदाधिकारी व शिक्षक मौजूद रहे। इसके बाद लविवि के कैलाश छात्रावास में गहरा बोरिंग नलकूप का कुलपति ने लोकार्पण किया। कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय का यह उपहार कैलाश छात्रावास की अन्तःवासी छात्राओं के लिए आने वाले 25 वर्षों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। कुलपति ने छात्रावास के विभिन्न पानी टैंको का दौरा भी किया। अंतर्राष्ट्रीय छात्राओं ने कुलपति से भेंट की और उनके साथ चित्र खिचाए। इसमें पड़ोसी देशों समेत नाइजीरिया तजाकिस्तान तुर्कमेनिस्तान देश से अध्ययन करने के लिए आई हुई छात्राएं उपस्थित रही।

कुशल राजनीतिक व प्रखर वक्ता थे अटल बिहारी

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो.एनबी सिंह के संरक्षण में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। भाषा विवि के शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं द्वारा अटल बिहारी वाजपेई को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में सांस्कृतिक समिति अध्यक्ष डॉ.नलिनी मिश्रा ने उनके जीवन वृत, कृतित्व एवं सुशासन पर प्रकाश डाला। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित डॉ.अनुपमा यादव ने अपने संबोधन में कहा, वाजपेई जी न केवल एक कुशल राजनीतिक थे अपितु एक प्रखर वक्ता तथा कवि भी थे। उन्होंने राष्ट्र में सुशासन लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ.अभय कृष्णा एवं डॉ.रामदास ने भी वाजपेई एवं सुशासन विषय पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम का समापन सुशासन शपथ के साथ हुआ।

योग, प्राकृतिक चिकित्सा भारत का प्राचीन विज्ञान है : प्रो. रमाकांत

लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग, फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के संयुक्त तत्वावधान में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन काव्य पाठ, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक उत्तर प्रदेश में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा की वैधानिकता था। प्रो.रमाकांत सिंह,पूर्व कुलपति यस.वी.यस.विवि देहरादून उत्तराखंड थे। समारोह की अध्यक्षता प्रख्यात योग गुरु राजेश कुमार द्विवेदी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो.वीपी मिश्रा, विभागाध्यक्ष बायोकेमेस्ट्री विभाग राजकीय मेडिकल कॉलेज बहराइच थे। मुख्य अतिथि प्रो.रमाकांत सिंह ने बताया कि योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा भारत का प्राचीन विज्ञान है यह विज्ञान व्यक्ति के स्वास्थ्य का संरक्षण करता है। इसमें रोजगार की अपार संभावनाएं है। योग प्राकृतिक चिकित्सा में आधुनिक जीवन शैली के कारण उत्पन्न होने वाली बीमारियों का बचाव एवं उपचार संभव है। संकाय के कोआर्डिनेटर डॉ.अमरजीत यादव ने बताया कि योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा उत्तर प्रदेश में चिकित्सा पद्धति के रूप में मान्यता प्राप्त है। उन्होंने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस विज्ञान के विकास के लिए सकारात्मक प्रयास किये जा रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए योग गुरु राजेश कुमार द्विवेदी ने कहा, योग के अभ्यास से आध्यात्मिक उन्नत होती है व्यक्ति के विचार,आचरण में शुद्धता आती है।

लविवि और काशी विद्यापीठ के बीच एमओयू

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग एवं गांधी अध्ययन पीठ, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के मध्य एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। यह एमओयू लविवि के संस्थागत भ्रमण के समय 21-22 दिसम्बर को किया गया। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य दोनों संस्थानों के मध्य शैक्षणिक शोध सहयोग को बढ़ावा देना और समाज कार्य के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करना है। दोनों संस्थाओं के विभागाध्यक्ष समाज कार्य विभाग, लविवि प्रो.राकेश द्विवेदी तथा काशी विद्यापीठ के प्रो.एम.एम.वर्मा ने शैक्षणिक समझौते पर हस्ताक्षर किया। जिसमें दोनों ही संस्थाओं के शिक्षक सदस्य उपस्थित थे। उक्त समझौता लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के निर्देशन में किया गया। जिसके तहत दोनों विश्वविद्यालय के शिक्षक और छात्र मिलकर शोध कर सकेंगे। साथ ही दोनों संस्थाओं के मध्य अन्य सुविधाओं का आदान-प्रदान भी होगा। यह समझौता दोनों संस्थानों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो समाज कार्य के क्षेत्र में शिक्षा और अनुसंधान को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक होगा।

समझौता के प्रमुख बिंदु

संकाय विनिमय कार्यक्रम:दोनों विभागों के शिक्षक एक-दूसरे के संस्थान में अध्यापन और अनुसंधान गतिविधियों में भाग लेंगे। छात्र विनिमय कार्यक्रम: विद्यार्थियों को दूसरे संस्थान में अध्ययन का अवसर प्राप्त होगा, जिससे उनके ज्ञान और अनुभव में वृद्धि होगी। अनुसंधान सहयोग:दोनों विभाग मिलकर विभिन्न शोध परियोजनाओं पर कार्य करेंगे।

क्षेत्र कार्य सहयोग: समाज कार्य के क्षेत्र में व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए संयुक्त क्षेत्र कार्य की योजना।

संयुक्त सम्मेलन एवं कार्यशालाएं: दोनों विभाग मिलकर सेमिनार, सम्मेलन और कार्यशालाओं का आयोजन करेंगे।

संचार एवं समंवय: दोनों विभागों के बीच निरंतर संवाद और सहयोग की व्यवस्था।